**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए—** **$1 \times 5 = 5$**

प्रकृति ने हमारे लिए एक स्वच्छ, सुंदर, स्वस्थ एवं सुखद आवरण का निर्माण किया था परंतु मनुष्य ने भौतिक सुखों की होड़ में उसे दूषित कर दिया है। वर्तमान समय में शहरी सभ्यता प्रदूषण की समस्या से घिरी हुई है। वायु प्रदूषण का सबसे अधिक प्रकोप महानगरों पर हुआ है। इसका कारण है बढ़ता हुआ औद्योगीकरण। गत 20 वर्षों में भारत के प्रत्येक नगर में कारखानों की तेज़ी से वृद्धि हुई है, जिससे वायुमंडल पर बहुत प्रभाव पड़ा है। इन कारखानों की चिमनियों से चौबीसों घंटे निकलने वाले धुएँ ने सारे वातावरण को विषाक्त बना दिया है। इसके अलावा सड़कों पर चलने वाले वाहनों की संख्या में तेजी से होने वाली वृद्धि भी वायु प्रदूषण के लिए पूरी तरह उत्तरदायी है। इन वाहनों के धुएँ से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण आज न जाने कितने प्रकार की साँस और फेफड़ों की बीमारियाँ आम बात हो गई है। इधर बढ़ती हुई जनसंख्या और लोगों का काम की तलाश में गाँव से शहरों की तरफ भागना भी वायु प्रदूषण के लिए अप्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। वनों के संरक्षण एवं संवर्धन द्वारा वायु प्रदूषण को रोका जा सकता है। अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए तथा हरियाली बनाए रखने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रह पाएँगे।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए—**

**(1)** **वायु प्रदूषण बढ़ने का कारण है—**

**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए—** **1**

**कथन**

**(i)** कारखानों की चिमनियों से निकलता धुँआ।

**(ii)** सड़कों पर चलने वाले वाहन।

**(iii)** अधिक वृक्ष लगाना।

**(iv)** बढ़ती हुई जनसंख्या

**विकल्प**

(क) कथन (i) व (ii) सही है। (ख) कथन (ii) व (iii) सही है।

(ग) कथन (ii) व (i) सही हैं। (घ) कथन (i) व (iv) सही है।

(2) **सड़कों पर चलने वाले वाहन वायु प्रदूषण में किस प्रकार वृद्धि करते हैं ?**

(क) सड़कों पर चलने वाले वाहन ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिससे वायु प्रदूषित हो जाती है

(ख) सड़कों पर चलने वाले वाहन धुएँ की गंध छोड़ते हैं

(ग) वाहन धूल और मिट्टी उड़ाते हैं

(घ) वाहनों के धुएँ से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस वायु प्रदूषण में वृद्धि करती है

(3) **बढ़ती हुई जनसंख्या का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा है ?**

(क) बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण वातावरण प्रदूषित हो गया है

(ख) पर्यावरण शुद्ध हो गया है

(ग) पर्यावरण जीवनदायी हो गया है

(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) **पर्यावरण की रक्षा के लिए क्या प्रयास करने चाहिए ?**

(क) कल कारखाने बंद कर देने चाहिए

(ख) वाहनों का प्रयोग बंद कर देना चाहिए

(ग) प्रदूषण से बचने के उपाय खोजने चाहिए तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए।

(घ) उपर्युक्त सभी

(5) **कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए—**

**कथन (A)**—वायु प्रदूषण का सबसे अधिक प्रकोप महानगरों में हुआ है।

**कथन (R)**—इसका कारण महानगरों में बढ़ता औद्योगिकीकरण है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।